त्रयः शूल निर्मूलनं शूलपाणि । भजेऽहं भवानिपतिं भावगम्यम् ॥

कलातीत कल्याण कल्पान्तकारी । सदा सज्जनानन्द पुरारी ॥
चिदानंद संदोह मोहापहारी । प्रसीद प्रसीद प्रभो मन्मथारी ॥

न यादव् उमानाथ पादारविन्दम् । भजंतीह लोके परे वा नराणाम् ॥
न तावत्सुखं शांति सन्तापनाशम् । प्रसीद प्रभो सर्वभूताधिवासम् ॥

न जानामि योगं जपं नैव पूजाम् । नतोऽहंसदा सर्वदा शंभु तुभ्यम् ॥
जरा जन्म दुःखौघ तातप्यमानम् । प्रभोपाहि आपन्नमामीश शंभो ॥
रूद्राष्टकमिदं प्रोक्तं विप्रेण हरतोषये ।
ये पठन्ति नरा भक्त्या तेषां शम्भुः प्रसीदति ॥
ॐ त्वमेव साक्षात् श्री आदिशक्ति माताजी श्री निर्मला दैव्यै नमो नमः ॥

सब अवतारों की अवतार है 123

भारत भूमि पावन भूमि ..., प्रभू ने यहीं अवतार लिये ...,
सुर नर असुर मुनि जन सबके, दुनिया में उद्धार किये ...,
अब की बार प्रभू अवतार, श्री माँ बनकर आई ...,
सब अवतारों की अवतार "है निर्मला माई ...2, ...

अब की बार ..., प्रभू अवतार .....2, माँ बनकर आई ....,
सब अवतारों की अवतार है निर्मल माई ..., हाय सब अवतारों ...,

महालक्ष्मी महासरस्वती, "माँ दुर्गा महाकाली है ...2,
माँ कल्की है आदिशक्ति है ..., "माँ की बात निराली है ...2,
जल थल नभ और अगन पवन में ...2, माँ की परछाई ...,
सब अवतारों की अवतार है निर्मल माई ..., हाय सब अवतारों ...2,

ये तन एक माटी का बरतन, "आत्मा ही तो जीवन है ...2,
आत्म ज्ञान से ध्यान ज्ञान से ..., "प्रभू मिलन ही समर्पण है ...2,
सात चक्र की माया है काया ...2, माँ ने समझाई ...,
सब अवतारों की अवतार है निर्मल माई ..., हाय सब अवतारों ...2,

मूलाधार में कुण्डलिनी माँ, "गणपति/श्री गणपति उनके पालक हैं ...2,
स्वाधिष्ठान में ब्रह्मदेव ..., "नाभि के विष्णु चालक हैं ...2,
भवसागर में आदि गुरू हैं ...2, दत्तात्रेय सॉंई ...,
सब अवतारों की अवतार है निर्मल माई ..., हाय सब अवतारों ...2,

हृदय चक्र के शिव मालिक, "और राम/श्री राम रखईयाँ हैं ...2,
चक्र विशुद्धि कंठ में ..., "विट्ठल और कन्हैया हैं ...2,
बाईबल गीता कुरान यहीं से ...2, गुरूवाणी गाई ...,
सब अवतारों की अवतार है निर्मल माई ..., हाय सब अवतारों ...2,

आज्ञा चक्र में माँ मैरी और येशु बसते हैं, प्रभु येशु बसते हैं ...,
बुद्ध और महावीर "शुद्ध बुद्धि को रखते हैं ...2,
सहस्त्रार में सम रहती है ...2, माँ निर्मल माई ...,
सब अवतारों की अवतार है निर्मल माई ..., हाय सब अवतारों ...2,

क्षमा करो तुम ध्यान धरो ...2, और/तुम निर्विचारिता को पा लो ...2,
आत्मज्ञान मिल जायेगा ..., "माँ निर्मल की महिमा गा लो ...2,
सहजयोग अपनाकर जीवन ...2, करलो सुखदाई ...,
सब अवतारों की अवतार है निर्मल माई..., हाय सब अवतारों ...2,

सबके दिल में बसी है निर्मला 124

आ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ, वो जिसका नूर की किरणें तवाफ करती हैं ...3,
वही है आस्ताने निर्मला सहस्त्रार में ...2,
इलाही फासुले, इलाही फासुले, कुछ इस तरह सिमट जायें
कि नमाज़ दिल में हो और दुआ सहस्त्रार में ...

आ ऽ ऽ आज निर्मल से मिलने की घड़ी आई है ...2,
जामें चैतन्य के, जामें चैतन्य के छलकने की घड़ी आई है ...,
आज निर्मल से मिलने की घड़ी आई है ...,
जामें चैतन्य के, जामें चैतन्य के छलकने की घड़ी आई है ...,
माँ के छुपने का, माँ के छुपने का, मुझे राज़ कोई गम ही नहीं ...,
दिल के आइने में, इस दिल के आइने में तस्वीर उतर आई है ...,
सबके दिल में,"सबके दिल में बसी है मेरी माता निर्मला ...3, 2,
सबके दिल में, ओ सबके दिल में हाँ सबके दिल में,
सबके दिल में बसी है मेरी माता
निर्मला, जाँ से प्यारी, ओ जाँ से प्यारी लगे है मेरी माता निर्मला
जाँ से प्यारी लगे है मेरी माता निर्मला

जब जब उनकी बात सुनाऊँ, निर्मला माँ को सामने पाऊँ ...2,
पीर बिन मुद्दा नहीं मिलता ...2, खिज्र बिन रास्ता नहीं मिलता ...,
दैरों काबा में ढूँढ़ने वालों ...3, बिन निर्मला माँ खुदा नहीं मिलता ...2,
जब जब उनकी बात सुनाऊँ, निर्मला माँ को सामने पाऊँ ...2,
मन ही मन में ...3, मैं मुस्काऊँ, देखो कितनी ओ देखो कितनी भोली है,
मेरी माता निर्मला, "देखो कितनी भोली है मेरी माता निर्मला ...3,
जाँ से प्यारी, ओ जाँ से प्यारी लगे है मेरी माता निर्मला,
जाँ से प्यारी लगे है मेरी माता निर्मला,"निर्मला निर्मला ...4,

सा रेरे मम पप म मम रे रेरे सा ....,

हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई, आपने सबकी बिगड़ी बनाई ...2,
मन की मुरादें सबने पाई ...2, मन की मुरादें सबने पाई ...2,
मेरी माता की बात क्या कहिये ...2, आला उनकी है जात क्या कहिये ...2,
है बड़ी नामवर, "है बड़ी नामवर मेरी माता ...2,
है बड़ी ताजवर मेरी माता ...2, है बड़ी ताजवर मेरी माता ...2,

सारी दुनिया के लोग आते हैं, अपने मन की मुराद पाते हैं ...2,
अपना दुखड़ा उन्हें, "अपना दुखड़ा उन्हें सुनाते हैं ...2,
अपनी बिगड़ी बना के जाते हैं ...2, अपनी बिगड़ी बना के जाते हैं ...2,
सबकी सुनती है बोलियाँ माता SSS .., आ अ आ S S S
सबकी सुनती है बोलियाँ माता...3, सबकी भरती है झोलियाँ माता...4,

ऐ सवाहों अगर तेरा जाना, जा के मैया से इतना फरमाना ...2,
कहना मजबूर, "कहना मजबूर अब नहीं हूँ मैं ...2,
कहना रंजूर अब नहीं हूँ मैं...2,कहना रंजूर अब नहीं हूँ मैं ...2,
उनकी चौखट को चूमकर कहना, उनके दर को भी चूमकर कहना ...2,
निर्मला योगी,"निर्मला योगी बन गया हूँ मैं ...2,
निर्मला फौजी बन गया हूँ मैं ...2, निर्मला फौजी बन गया हूँ मैं ...2,

कहना अदना गुलाम कहता है, ऐ ऐ आ S S S
कहना अदना गुलाम कहता है...2, कहना अदना गुलाम कहता है ..,
उनको सहजी प्रणाम करता है, उनको फौजी सलाम करता है ...2,
उनको फौजी सलाम करता है,

हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई, आपने सबकी बिगड़ी बनाई ...2,
मन की मुरादें सबने पाई ...2, मन की मुरादें सबने पाई ...2,
मन की मुरादें सबने पाई, सबने पाई ...,
भाग्य से जो, ओ "भाग्य से जो मिली है मेरी माता निर्मला ...2,
ओ "सबके दिल में बसी है, मेरी माता निर्मला ...2, ओ सबके दिल ...,
जाँ से प्यारी, ओ जाँसे प्यारी लगे है, मेरी माता निर्मला,
जाँ से प्यारी लगे है, मेरी माता निर्मला ..... निर्मला S निर्मला S ...2,

ओ ऽ ऽ ऽ "इरादा है कि किसी रहनुमा से मिल लूँगा ...4,
"मिले जो रहनुमा नानक गुरू से मिल लूँगा ...2,"मिले जो नानक तो राजा
जनक से मिल लूँगा...2,"मिले जो राजा जनक मोहम्मद से मिल लूँगा...2,
नबी मिले तो ओ ऽ ओ ऽ ऽ "न भी मिले तो ईसा मसीह से मिल लूँगा ...4,
मिले ईसा तो यकीनन खुदा से मिल लूँगा ...
मिले ईसा तो यकीनन खुदा से मिल लूँगा ...3, "निर्मला निर्मला ...4,

माँ की सखावत सबसे निराली, ऊँचा रूतबा शान भी आली ...2,
शान भी आली, शान भी आली...2,,शान भी आली, शान भी आली...2
सहजी हैं तेरे दर पे सवाली ...2, सहजी हैं तेरे दर के सवाली ...2,
सहजी हैं तेरे, सहजी हैं तेरे, सहजी हैं तेरे दर के सवाली ...,
झूमकर कर वो, ओ "झूमकर कर वो कहे है मेरी माता निर्मला ...2,
झूमकर वो, झूमकर वो...2,, झूमकर वो, कहे है मेरी माता निर्मला...3,
सबके दिल में, ओ "सबके दिल में बसी है मेरी माता निर्मला ...2,

सबके दिल में, हाँ "सबके दिल में ...3, ओ
"सबके दिल में बसी है मेरी माता निर्मला ...2, जाँ से प्यारी,
जाँ से प्यारी लगे है, मेरी माता निर्मला, ओ सबके दिल में ...3,

सब तेरी शरण आये माँ 126

सब तेरी शरण आये माँ ...3, माँ सब तेरी शरण आये माँ ...2,
सब तेरी शरण आये माँ ...2,

सहज संगम भयो अनन्त ...2, बहे आनन्द फुहार ...2,
सब तेरी शरण आये माँ ...2,

सारा जग तुझको ही पूजे ...2, बने अखण्ड ये धाम ...2,
सब तेरी शरण आये माँ ...2,

आत्म प्रेम का सागर बनें हम ...2, यही करम बने ज्ञान ...2,
सब तेरी शरण आये माँ ...2,

सब तेरी शरण आये माँ ..., माँ सब तेरी शरण आये माँ ...,
सब तेरी शरण आये माँ ..., शरण आये माँ ...,

सबसे प्यारी निर्मला आयी 127

सबसे प्यारी निर्मला आयी ...2, सबसे न्यारी निर्मला आयी ...2,
सबसे प्यारी निर्मला आयी ...2,
सहजयोग के हृदय में माँ ने ...2, प्रेम की ज्योत जलाई,
सबसे प्यारी निर्मला आयी ...2, सबसे न्यारी निर्मला आयी ...2,
भाग्यशाली हम सहजी सारे ...2, निर्मल भक्ति पाई,
सबसे प्यारी निर्मला आयी ...2, सबसे न्यारी निर्मला आयी ...2,
निर्मल माँ से लगन लगायी ...2, साँची है यही कमाई,
सबसे प्यारी निर्मला आयी ...2, सबसे न्यारी निर्मला आयी ...2,
तुम माता हम बालक तेरे ...2, चरण कमल शरणाई,
सबसे प्यारी निर्मला आयी ...2, सबसे न्यारी निर्मला आयी ...2,
निर्मला माँ को पाना जो चाहो ...2, ध्यान करो मेरे भाई,
सबसे प्यारी निर्मला आयी ...2, सबसे न्यारी निर्मला आयी ...2

साधो सो सत्गुरू मोहे भावे 127

साधो सो सत्गुरू मोहे भावे ...2, ...S, सत्यप्रेम का भर भर प्याला ...2,
आप पीवे, मोहे पियावे ...2, साधो सो सत्गुरू मोहे भावे ...2,
परदा दूर करे अँखियन का ...2, ब्रह्म दरस दिखलावे, दिखावे ...
साधो सो सत्गुरू मोहे भावे ...2,
जिस दरसन को सब लोक तरसे ...2, अन्हद शब्द सुनावे, सुनावे ...
साधो सो सत्गुरू मोहे भावे ...2,
एक ही सब सुख दुख दिखलावे ...2, शब्द में सूरत समावे, समावे ...
साधो सो सत्गुरू मोहे भावे ...2,
कहत कबीरा ताको भय नाहीं ..., कहत कबीरा ..., "कहत कबीरा ...4,
कहत कबीरा ताको भय नाहीं ..., निर्भय पग परसावे, परसावे ...
साधो सो सत्गुरू मोहे भावे ...2, सत्यप्रेम का भर भर प्याला ...2,
आप पीवे, मोहे पियावे ...2, साधो सो सत्गुरू मोहे भावे ...2,

सफल हुआ है उन्ही का जीवन 128

सफल हुआ है उन्ही का जीवन, जो तेरे चरणों में आ चुके हैं 2
उन्हीं की पूजा हुई है पूर्ण, जो तेरे चरणों में आ चुके हैं ...2
ना पाया तुझको अमीर बनकर, ना पाया तुझको फकीर बनकर ...2
उन्हीं को तेरे हुये है दर्शन ...2 जो तेरे चरणों में आ चुके हैं ...2
जहाँ भी सहजी ने तुम्हें पुकारा, वहीं प्रगट हो दिया सहारा ...2
कटे हैं उनके दुखों के बंधन ...2, जो तेरे चरणों में आ चुके हैं ...2
शरण तुम्हारी जो जन हैं आते, कृपा से तेरी वो मोक्ष पाते ...2
भक्ति में शक्ति उन्होंने पायी ...2, जो तेरे चरणों में आ चुके हैं ...

हे गजानना गणनायका सुन लो अरज हमारी

प्रथम करें हम तुमरी पूजा, तुमसा देव न कोई दूजा।
विघ्न हरो हे विघ्न–विनाशक, सुखकर्ता दुःख हारी।।.. हे गजानना ... 2
गौरा मात पिता महादेवा, सब देवों के आप हैं देवा।
हम सब करें तुम्हारी सेवा, करो कृपा हितकारी।।.. हे गजानना ... 2
शीश गजानन मूषक वाहन, खेलते माँ निर्मल के आँगन।
गले मोतियन की माला विराजे, हम तुम पर बलिहारी, .. हे गजानना ... 2
हम सब सहजी तुमको पुकारे, बैठ के निर्मल माँ के द्वारे।
बाधायें सब दूर करो तुम, सहजन के हितकारी, .. हे गजानना ... 2

सहज दोहे 128

क्या तन मांजता रे, आखिर माटी में मिल जाना ...2,
माटी ओढ़न, माटी पहिरन, माटी का सिरहाना,
माटी का कल्बूत बनाया, जा में भंवर समाना ..., क्या तन 2,
माटी कहे कुम्हार से, क्यों रूंधत है मोहे,
एक दिन ऐसा होएगा, मैं रूंधूंगी तोहे ..., क्या तन 2,
चुन चुन तिनका महल बनाया, बन्दा कहे घर मेरा,
ना घर तेरा ना घर मेरा, चिड़िया रैन बसेरा ..., क्या तन 2,
फटा ये चोला भया पुराना, कब तक सीवें दरजी,
दिल का मरहम कोई ना मिलिया, जो मिलिया अरजी, क्या तन 2,

सहज में चोला अमर भया तब, सहजी मिलिया दरजी,
दिल के मरहम संत मिलेंगें, उपाकरण के गरजी ...., क्या तन 2,

सहज दोहे–निर्मल भजन –दीपक वर्मा 129

करूणामयी माँ की सूरत, देती शुभ संदेश ...2,
आदिशक्ति अवतार हैं, इन्सानों के वेश, रे सहजी इन्सानों के वेश ...,

सहजयोग है दे रहा, ऐसा जीवन सार ...2,
हर प्राणी को मिल रहा, माँ निर्मल का प्यार, रे सहजी माँ निर्मल का प्यार,

माँ समझाये प्यार से, सहजयोग अपनाये ...2,
बन्द झरोखा भाग्य का, दर्शन से खुल जाये, रे सहजी दर्शन से खुल जाये,

क्षेम बराबर माँ करे, घटित कर ले तू योग ...2,
माँ निर्मल के प्रेम से, मिट गये सारे रोग, रे सहजी मिट गये सारे रोग,

पूँजी मतलब धन नहीं, नहीं पुत्र परिवार ...2,
सहज ज्ञान धन जब मिले, नहीं नश्वर की प्यास, रे सहजी नहीं नश्वर की प्यास,

माँ निर्मल ने कर दिया, घर घर सहज प्रकाश ...2,
हर दिल में सन्तोष है, खुशियाँ मिले अपार, रे सहजी खुशियाँ मिले अपार,

ध्यान समर्पण संतुलन, सहजयोग का सार ...2,
सामूहिकता में मिले, आत्मानन्द अपार, रे सहजी आत्मानन्द अपार,

खुद को दोषी मत कहो, सबको करो क्षमा ...2,
मन में माँ के प्रेम की, रोशन करो शमां, रे सहजी रोशन करो शमां,

सत्य में सार्थक जन्म हुआ, पाकर माँ का प्यार ...2,
सहजानन्द के रूप में, मिले सहज परिवार, रे सहजी मिले सहज परिवार,

माँ के अनंत आशीष से, दुनिया हो भव पार ...2,
सतयुग सा चैतन बहे, कण कण अमृत धार, रे सहजी कण कण अमृत धार,

करूणामयी माँ की सूरत, देती शुभ संदेश ...2,
आदिशक्ति अवतार हैं, इन्सानों के वेश "रे सहजी इन्सानों के वेश ...2,

सहज दोहे–निर्मल प्रेम – डा.राजेश 129

निर्मल हृदय राखिये, निर्मल होत विचार ...2,
निर्मल विद्या पा के, भव से हो जा पार, रे सहजी भव से हो जा पार

सहजन दरिया प्रेम का, उल्टी जाकी धार ...2,
जो उबरा सो डूब गया, जो डूबा सो पार, रे सहजी जो डूबा सो पार

निर्मल नाम अनमोल है, जान लियो, रे मीत ...2,
छोड़ सकल जंजाल को, कर माँ से तू प्रीत, रे सहजी कर माँ से तू प्रीत

सहजन बाजी प्रेम की, खेलो सब माँ संग ...2,
जो जीते तो माँ मिले, और हारे माँ संग, रे सहजी और हारे माँ संग

कलियुग छाया घोर है, पाप लोभ दुराचार ...2,
सब पापन के हरण को, माँ ने लिया अवतार, रे सहजी माँ ने लिया अवतार

हृदय कपट ना राखिये, सबसे कीजिए प्यार ...2,
अन्दर बाहर एक हो, ऐसा करो व्यवहार, रे सहजी ऐसा करो व्यवहार

सहजयोग सबके लिए, भेद भाव नहीं कोय ...2,
सब जन से जो प्यार करे, सो ही सहजी होये, रे सहजी सो ही सहजी होये

खोजत खोजत युग गया, मिला ना आत्मज्ञान ...2,
बाहर खोजे छोड़ के, कर अपनी पहचान, रे सहजी कर अपनी पहचान

सहजयोग को मानिये, इस जीवन का सार ...2,
माँ चरणों में बैठ के, सहज से हो जा पार, रे सहजी सहजी से हो जा पार

निन्दा कबहुँ ना कीजिये, निन्दक खोये ज्ञान ...2,
पर अवगुण को छोड़ के, पर गुणों को जान, रे सहजी पर गुणों को जान

हृदय हर पल राखिये, माँ से मिलन की आस ...2,
पूर्ण समर्पण कर दे तू, पूरा कर विश्वास, रे सहजी पूरा कर विश्वास

मीठी वाणी बोलिये, सब को अपना जान ...2,
मधुर वाणी से जीत दिलों को, श्री माँ का ये ज्ञान, रे सहजी श्री माँ का ये ज्ञान

निर्मल नाम अनमोल है, जान लियो रे मीत ...2,
छोड़ सकल जंजाल को, कर माँ से तू प्रीत रे सहजी "कर माँ से तू प्रीत...

सहज ही निर्मल भक्ति सहज ही निर्मल गीता 130

सहज ही निर्मल भक्ति, सहज ही निर्मल गीता ...2,
सहज ही ऐसी शक्ति, सबको बुलावे अपने पास, "अपने पास ...2,
सहज ही निर्मल भक्ति, सहज ही निर्मल गीता ...2,
कीर्तन भजन का झरना, प्यास बुझाले फिर मत रोना ...2,
नाम स्मरण में, माँ का हो ध्यान ...2, सहज ही ऐसा मन्दिर ...2,
माँ का उसमें हैं निवास, "सहज ही निर्मल भक्ति, सहज ही ...2,
वीणा से सुर निकले जो न्यारा, हृदय स्पर्श हो सहज की धारा ...2,
साँस साँस बन कर फैलेगी ...2, सहज ही ऐसी ऊर्जा ...2,
माँ को जपने में निहाल, "सहज ही निर्मल भक्ति, सहज ही ...2,
ये मैला चोला तेरा बोले, सहज गंगा में इसे तू धोले ...2,
मत पछताना हो के उदास ...2, सहज ही ऐसा तीरथ ...2,
निर्मल करले अपने साथ, "सहज ही निर्मल भक्ति, सहज ही ...2,
सहज ही ऐसी शक्ति, सबको बुलावे अपने पास, "अपने पास ...2,
सहज ही निर्मल भक्ति, सहज ही निर्मल गीता ...2,

सहज में आकर ध्यान धरे ना 131

सहज में आकर ध्यान धरे ना ...2, मोक्ष को कैसे पायेगा ...S
निर्मल ध्यान तू धर ले सहजी ...2, निर्मल ज्ञान तू पायेगा ...S
सहज में आकर ध्यान धरे ना ...
भक्ति प्रिया है निर्मला माता ...2, निष्कामा माँ जगदाता ...2
प्रेम प्यार से भक्ति कर, माँ है जग की सुखदाता ...2
मन में तेरे यही हो आशा ...2, कैसे माँ को पायेगा ...
सहज में आकर ध्यान धरे ना ...2, मोक्ष को कैसे पायेगा ...S
निर्मल माँ पालनहारी ...2, निर्गुणा माँ है प्यारी ...2
सूर्य चन्द्र भी माँ को जपते, निर्मल ज्योति है प्यारी ...2
जो ना माँ को पाया बंदे ...2, खाली जग से जायेगा ...
सहज में आकर ध्यान धरे ना ...2, मोक्ष को कैसे पायेगा ...S

निर्मला माता विश्व विधाता ...2, जो भी सहज में रम जाता ...2
कुण्डलिनी जागृत है होती, मंगल दायिनी दुखहर्ता ...2
निर्मल माँ को जो भी ध्याये ...2, मोक्ष को वो ही पायेगा ...
सहज में आकर ध्यान धरे ना ...2, मोक्ष को कैसे पायेगा ...S

सहज में दिया सहज का ज्ञान 132

सहज में दिया सहज का ज्ञान ...2, सहज में हमको रखना माँ ...2

हम बच्चे सब सहज की नैया, श्री माँ इसकी आप खेवैया
सहज योग है मोक्ष का द्वारा, श्री माँ इसकी पार करैया
जितना द्विव्य रूप है माँ का, पावन उतना माँ का नाम
श्री माँ जय जय माँ ...4, सहज में दिया सहज का ज्ञान ...2

सोया युग अब जाग रहा है, श्री माँ को पहचान रहा है
सहजयोग साधन सिद्धी से ...2, ज्ञान सत्य से निखर रहा है
माँ के चरणों में ही पाया ...2, हमने अपना धाम
श्री माँ जय जय माँ ...4, सहज में दिया सहज का ज्ञान ...2

जन जन के मन में अब हमको, प्रेम का दीप जलाना है
हम सहजी हैं मिलकर हमको ...2, प्रेम का अलख जलाना है
जागृति देकर निर्मला माँ, बनाती हैं मानव को महान
श्री माँ जय जय माँ ...4, सहज में दिया सहज का ज्ञान ...2

सहज नाम की बस्ती में 132

सहज नाम की ...4, बस्ती में "अपना रैन बसेरा है ...2"
श्री माँ के चरणों तक ...2 सीमित, अपना तो बस डेरा है, हाँ डेरा है सहज
नाम की ...2, बस्ती में अपना रैन बसेरा है, बसेरा है, बसेरा है

बना लिया है माँ निर्मल ने, अपनी बगिया का फूल हमें ...2
हर सहजी के दिल से दिल तक ...2, प्रेम रंग का मेला है, हाँ मेला है
सहज नाम की ...2, बस्ती में अपना रैन बसेरा है, बसेरा है, बसेरा है,

गीत खुशी के हर पल गाते, चेहरों पर मुस्कान लिए ...2
किया उजागर दीप प्रेम का ...2, हर दम प्रीत की बेला है, हाँ बेला है
सहज नाम की ...2, बस्ती में अपना रैन बसेरा है, बसेरा है, बसेरा है,

निर्मल प्रेम का अमृत पीकर, श्वाँस हमारी चलती है ...2
चैतन्य की फैली हैं किरणें ...2, हर पल नया सवेरा है, सवेरा है
सहज नाम की ...2, बस्ती में अपना रैन बसेरा है, बसेरा है, बसेरा है,
श्री माँ के चरणों तक ...2 सीमित, अपना तो बस डेरा है, हाँ डेरा है ...

सहजी हमें बनाया 133

सहजी हमें बनाया ...2, ये करम नहीं तो क्या है ...2
मेरा मर्तबा बढ़ाया ...2, ये करम नहीं तो क्या है ...2
सहजी हमें बनाया ...

मैं गमों की धूप में जब तेरा नाम ले के निकला ...3
किया रहमतों का साया ...2, ये करम नहीं तो क्या है
किया रहमतों का साया ..., ये करम नहीं तो क्या है
सहजी हमें बनाया ..., मेरा मर्तबा बढ़ाया ...

कभी मौत के भंवर में, और कभी कदम कदम पे ...3
मेरी नाव को बचाया ...2, ये करम नहीं तो क्या है
सहजी हमें बनाया ..., मेरा मर्तबा बढ़ाया ...

मेरी जिन्दगी के दामन पे, बरस पड़ी बहारें ...3
माँ तेरे प्यार ने हँसाया ...2, ये करम नहीं तो क्या है
सहजी हमें बनाया ..., मेरा मर्तबा बढ़ाया ...

मेरे वक्ते वे मुसीबत में, मेरे दिल में उतर कर के ...3
मेरे दिल को दिल बनाया ...2, ये करम नहीं तो क्या है
सहजी हमें बनाया ..., मेरा मर्तबा बढ़ाया ...

मैं भटक के रह गया था, कहीं और बह गया था ...3
मुझे रास्ता दिखाया ...2, ये करम नहीं तो क्या है
सहजी हमें बनाया ..., मेरा मर्तबा बढ़ाया ...

सहजी नैना खोल रे तोहे निर्मल मिलेंगे 133

सहजी नैना खोल रे, तोहे निर्मल मिलेंगे ...2
निर्मल मिलेंगे महामाया मिलेंगे ... 2,
मीठा सबसे बोल रे, तोहे निर्मल मिलेंगे,"घट घट में तोरे श्री माँ बसत है ...4
कटु वचन मत बोल रे, तोहे निर्मल मिलेंगे,"सहजी नैना ..., तोहे निर्मल ...2
धन दौलत का गर्व ना करियो ..., 2
झूठा इसका मोह रे, तोहे निर्मल मिलेंगे ...2"सहजी नैना ..., तोहे निर्मल ...2
धर्म को घट में जागृत करले ...4,
गुरू पायो श्री माँ जी रे, तोहे निर्मल मिलेंगे ...2 "सहजी नैना..., तोहे ...2
श्री माँ जी का सुमिरन करले ...4,
हृदय के पट खोल रे, तोहे निर्मल मिलेंगे ...2 "सहजी नैना..., तोहे निर्मल...2
मीठा सबसे बोल रे, तोहे निर्मल मिलेंगे ...2 "सहजी नैना..., तोहे निर्मल..4

सहजी पुकार रहे आज 134

"सहजी पुकार रहे आज, आओ मेरी निर्मल माँ ...2,
निर्मल माँ, मेरी निर्मल माँ, निर्मल माँ, मेरी निर्मल माँ...2,"तेरे सहजी...2
कलयुग में अवतार लिया है ...2, भटके जन को पार किया है ...2
किया अद्भुत चमत्कार, आओ मेरी निर्मल माँ..., तेरे सहजी पुकार ...
निर्मल का गुणगान जो गाते ...2, माँ से निशदिन ध्यान लगाते ...2
नैया लगाई उनकी पार, आओ मेरी निर्मल माँ ..., तेरे सहजी पुकार ...
ब्रह्मा भी तू है और विष्णु भी तू है...2, शंकर भी तू जगदम्बा भी तू है...2
सारे जग की खेवणहार, आओ मेरी निर्मल माँ ..., तेरे सहजी पुकार ...
दुर्गा भी तू है और अम्बा भी तू है ...2, लक्ष्मी भी तू महाकाली भी तू है ...2,
लिया कलकी रूप अवतार, आओ मेरी निर्मल माँ ..., तेरे सहजी पुकार ...
सहजी पुकार रहे आज,आओ मेरी निर्मल माँ,"निर्मल माँ, मेरी निर्मल माँ...4
तेरे सहजी पुकार रहे आज, आओ मेरी निर्मल माँ ...2,
निर्मल माँ, मेरी निर्मल माँ निर्मल माँ, मेरी निर्मल माँ ...2

सहजी ठाढे थारे द्वार म्हारी निर्मल माँ 135

सहजी ठाढे थारे द्वार, थारी करते जय जयकार, म्हारी निर्मल माँ,
म्हारी निर्मल माँ, निर्मल माँ, म्हारी निर्मल माँ ...

"तू है ममता को भंडार, दे दे दे दे थोड़ो प्यार ...
म्हारी निर्मल माँ, म्हारी निर्मल माँ, निर्मल माँ, म्हारी निर्मल माँ ...
सहजी ठाढे थारे द्वार, थारी करते जय जयकार, म्हारी निर्मल माँ,
म्हारी निर्मल माँ, निर्मल माँ म्हारी निर्मल माँ ..." ...2

जय जगदम्बे मात भवानी, जय हो शेराँ वाली ...
कभी फूलों से कोमल है तू, कभी लगे महाकाली ...
करती दुष्टों का संहार, थारी शक्ति है अपार ... , म्हारी निर्मल माँ,
म्हारी निर्मल माँ, निर्मल माँ, म्हारी निर्मल माँ ... "हे सहजी ठाढे ...

जय जय हे सरस्वती माता, जय हो हे गायत्री ...
जग कल्याणी हो माता तुम, ज्ञान बुद्धि की दात्री ...
देती ज्ञान का भंडार, थारी लीला अपरम्पार ..., म्हारी निर्मल माँ,
म्हारी निर्मल माँ, निर्मल माँ, म्हारी निर्मल माँ ... "हे सहजी ठाढे ...

जय महालक्ष्मी विष्णु प्रिये हो, जगत की पालन हारी ...
टल गये संकट भर गई झोली, नज़र जो तुमने डाली ...
जग में थारी है सरकार, लागा श्री माँ का दरबार ..., म्हारी निर्मल माँ,
म्हारी निर्मल माँ, निर्मल माँ, म्हारी निर्मल माँ ... "हे सहजी ठाढे ...

जमाने डेरा ऊपर बैठी, पहाड़ाँ वाली माता ...
आदि शक्ति का रूप लई के, जोड़ लियो रे नाता ...
थारा चरणाँ पे बलिहारी, मैं तो आयो थारे द्वार ..., म्हारी निर्मल माँ,
म्हारी निर्मल माँ, निर्मल माँ, म्हारी निर्मल माँ ... "हे सहजी ठाढे ...

जय जय हे भगवती माता, जय हो दुर्गा माई ...
जब जब संकट आयो हम पर, तू ही बचाने आई ...
हरदम पायो थारो प्यार, थारो घणो घणो उपकार ..., म्हारी निर्मल माँ,
म्हारी निर्मल माँ, निर्मल माँ, म्हारी निर्मल माँ ... "हे सहजी ठाढे ...

सहजी सहजी सारे आये तेरे द्वारे 136

सहजी सहजी सारे आये तेरे द्वारे ...2
अपना शीश झुकायें आयें तेरे द्वारे ...2, सहजी सहजी सारे ...2

तू ने सबको जन्म दिया है, "तू ही कर दे पार ...3
तू ही सबकी जीवन जननी, "ये तेरा संसार ...3
निर्मल नाम का अमृत पी तू, "कर ले बेड़ा पार ...3
सहजी सहजी सारे आये तेरे द्वारे ...2

निस दिन तेरा ध्यान धरत है, "तेरे मिलन की आस ...3
पल पल तेरा नाम जपत है, "निर्मल माँ का दास ...3
सहज सहज का नाम सहज ले, "जीवन अपना तार ...3,
सहजी सहजी सारे आये तेरे द्वारे ...2

आशाओं के दीप जलाकर, "आया तेरे द्वार ...3
इस मिट्टी की मूरत को अब, "तू कर दे साकार ...3
तेरी महिमा तू ही जाने, "तेरी जय जयकार ...3
सहजी सहजी सारे आये तेरे द्वारे ...2, अपना शीश झुकायें ...
आयें तेरे द्वारे ...2, सहजी सहजी सारे आये तेरे द्वारे ...4

सलमा सितारों वाली चुनरी माँ की लाल 136

"सलमा सितारों वाली, सोने दी तारों वाली ...2,
चुनरी माँ की लाल ...2, पवन संग लहराये ...4," ...2,

इस चुनरी नूं पहन के मोरी, निर्मल माँ मुस्काये ...2,
ब्रह्मा विष्णु शिवशंकर भी, इसनूं देखण आवे ...2, पवन संग लहराये ...4,
सलमा सितारों वाली, सोने दी तारों वाली ...2, चुनरी माँ ... लहराये

भक्ति का ताना, ज्ञान का बाना, ले के स्नेही तार ...2,
श्री माँ जी के सहजयोग से, चुनरी हुई तैयार ...2, पवन संग लहराये ...4,
सलमा सितारों वाली, सोने दी तारों वाली ...2, चुनरी माँ ..... लहराये...

मोहम्मद ज़ीज़स नानक ने, ऐसा रंगना किया तैयार ...2,
जो भी रंगा है इस रंग में, वो हो गया लाल ही लाल ...2, पवन संग ...4,
सलमा सितारों वाली, सोने दी तारों वाली ...2, चुनरी माँ ... लहराये

इस चुनरी की छाँव तले, इक नव जीवन मुस्काये ...2,
दुख से तपा मुसाफिर माँ की, शीतल छाया पाये...2, पवन संग लहराये ...4,
सलमा सितारों वाली, सोने दी तारों वाली ...2, चुनरी माँ ..... लहराये

सन्तों सहज समाधी भली 137

सन्तों सहज समाधी भली ...2,
साँई ते मिलन भयो जा दिन ते ...2, सूरति ना अन्त चली ...,
सहज समाधी भली, सन्तों सहज समाधी भली ...,

आँख ना मूँदू, कान ना रूँधू, "काया कष्ट ना धारूँ ...2,
खुले नयन में, हंस हंस देखूँ ..., सुन्दर रूप निहारूँ,
कहूँ सो नाम, सुनूँ सो सुमिरन ..., "जो कुछ करूँ सो पूजा ...2,
विरहऊ जान इक सम देखूँ ..., भाव मिटाऊँ दूजा ...,
सहज समाधी भली, सन्तो सहज समाधी भली ...,

जहाँ जहाँ जाऊँ सोही परिक्रमा ..., "जो कुछ करूँ सो सेवा ...2,
जब सोऊँ तब करूँ दण्डवत ..., पूजूँ और ना देवा ...2,
शब्द निरन्तर मनुवा राता ..., "मलिन वचन का त्यागी ...2,
उठत बैठत, कबहूँ ना बिसरे ..., ऐसी तारी लागी ...,
सहज समाधी भली, सन्तों सहज समाधी भली ...,

कहे कबीर यह, उन मुनि रहनी ...2, सो परगट कर जाई ...,
सुख दुख के इक परे परम सुख ..., तेही में रहा समाई ...,
सहज समाधी भली, सन्तों सहज समाधी भली ...,
साँई ते मिलन भयो जा दिन ते ...2, सूरत ना अन्त चली ...,
सहज समाधी भली, "सन्तों सहज समाधी भली ...3,

सावन की बरसे बदरिया माँ की भीगे चुनरिया 138

सावन की बरसे बदरिया, माँ की भीगे चुनरिया,
भीगे चुनरिया, माँ की भीगे चुनरिया ...2, सावन .....

अम्मुआ की डाली पे कोयल बोले ...2,
रिमझिम बरसे बदरिया, माँ की भीगे चुनरिया ... 2, सावन .....

लाल लाल चोला , माता अंग पर सोहै ... 2,
माथे पे चमके है बिन्दिया, माँ की भीगे चुनरिया ... 2, सावन .....

लाल हरी चूड़िया माता को पहनाई है ... 2,
अंगुली में चमके मुन्दरिया, माँ की भीगे चुनरिया ... 2, सावन .....

सहजी बहनों ने, माँ को मेहंदी लगाई है ... 2,
मेहंदी पे माँ की नजरिया, माँ की भीगे चुनरिया ... 2, सावन .....

काली घटा में माँ का झूला डलवाया ... 2,
उस पर निर्मल माँ को बिठाया ... 2,
भक्तों की माँ पे नजरिया, माँ की भीगे चुनरिया ... 2, सावन .....

ऊँचे पहाड़ों पे माता बिराजे... 2, कैसे आऊँ माता रास्ता ना सूझे ... 2,
टेड़ी मेड़ी है माँ की डगरिया, माँ की भीगे चुनरिया ... 2, सावन .....

शिव भोला भंडारी, साधु भोला भंडारी 139

"शिव भोला भंडारी, साधु भोला भंडारी, साँई भोला भंडारी ...,
शिव भोला भंडारी, शिव भोऽलाऽ भंडारी, शिव भोला भंडारी ...", ...2

भस्मासुर ने करी तपस्या, प्रगट भये त्रिपुरारी ...,
जिसके सिर पर हाथ लगावे, भस्म हुये तन सारी ...,
शिव भोला भंडारी, शिव भोऽलाऽ भंडारी, "शिव भोला भंडारी ...4

शिव के सिर पर करन की, मन में दुष्ट विचारी ...,
भागे फिरत चहों दिसी शंकर, लगा दैत्य दर भारी ...,
गिरिजा रूप धर हरि हर बोले, बात असुर से प्यारी ...,

जो तू मुझ को नाच दिखावे, होऊँ नार तुम्हारी ...,
शिव भोला भंडारी, शिव भोऽलाऽ भंडारी, "शिव भोला भंडारी ...4

नाच करत अपने सिर कर धर, भस्म भयौ मति मारी ...,
ब्रह्मानन्द दे दे जोई कोई माँगे, शिव भक्तन हितकारी ...,
शिव भोला भंडारी, शिव भोऽलाऽ भंडारी, "शिव भोला भंडारी ...4

"शिव भोला भंडारी, साधु भोला भंडारी, साँई भोला भंडारी ...,
शिव भोला भंडारी, शिव भोऽलाऽ भंडारी, शिव भोला भंडारी ..." ...2

शिव शंकर रखवाला, मेरा शम्भू भोला भाला 139

शिव शंकर रखवाला, मेरा शम्भू भोला भाला ...2,
मंगलकारी नाम है शिव का ...2, शम्भू भोला भाला ...,
शिव शंकर रखवाला, मेरा शम्भू भोला भाला ...2, ॐ नमः शिवाय ...4,

जिनकी महिमा ऋषि मुनि गायें, योगी जिनका ध्यान लगायें ...2,
मन उनका मतवाला मेरा ...2, शम्भू भोला भाला..., शिव शंकर .....

जो भी शिव शिव नाम घ्यावे, वो ही मन वांछित फल पावे ...2,
ऐसा शिव है कृपाला मेरा ...2, शम्भू भोला भाला ..., शिव शंकर .....

विघ्न हरे संताप मिटाये, युग युग के सब पाप जलाये ...2,
शिव के नेत्र की ऐसी है ज्वाला ...2, शम्भू भोला भाला ..., शिव शंकर ..

ज्ञानी जिन्हें विचारत हारे, भक्तों के वो खड़े हैं द्वारे ...2,
ऐसा दीन दयाला मेरा ...2, शम्भू भोला भाला ...,

शिव शंकर रखवाला, मेरा शम्भू भोला भाला ...2,
मंगलकारी नाम है शिव का ...2, शम्भू भोला भाला ...,

शिव शंकर रखवाला, मेरा शम्भू भोला भाला ...2, ॐ नमः शिवाय ...4,

ऐ सदगुरू ऐ मेरी आदि माँ 140

ऐ सदगुरू ऐ मेरी आदि माँ, तेरा उपकार कैसे करूँ मैं बया,
मै धरा तू आसमां ...2
प्रेमो नजर करके रहमो करम, तू ने पहुँचाया मुझको कहाँ से कहाँ
बदला है मेरा जहाँ ...2, ऐ सदगुरू ऐ मेरी आदि माँ

दी है ऐसी शक्तियाँ, जिनके मैं काबिल ना था ...2
ऐसी थी ये जिन्दगी जिसका कोई साहिल ना था
माँ मिली तो रब मिला, रब मिला तो सब मिला
झूम उठी ये जिन्दगी जीने का सबब मिला...2, ऐ सदगुरू ऐ मेरी आदि माँ

जलते जग की धूप में, छाया तेरी मिल गई
रोते नैना हंस पड़े, दिल की कलियाँ खिल गई ...2
माँ रहमो करम, श्वाँस है इधर उधर
ना उतार पाऊँ मैं कर्ज तेरा उम्र भर ...2, ऐ सदगुरू ऐ मेरी आदि माँ...

दी है इतनी रहमतें, झोली छोटी पड़ गई ...2
तेरी कृपा से मेरी आखें भी नम हो गई ...2
भाग्य माँ संवारती, पार माँ उतारती ...2
सहजी तेरा हर घड़ी शुक्र ये गुजारता ...2, ऐ सदगुरू ऐ मेरी आदि माँ

सहस्त्रार चक्र में 183

सहस्त्रार चक्र में रूप सहज ध्याये ...2, अलग अलग रूप धरे पास मेरे आये
"माताजी, ओ मेरी माताजी, माताजी ओ निर्मल माताजी" ...2

"तू ही माँ शैल पुत्री, पार्वती माता, शंकर अर्धांगिनी, शेरों वाली माता"..2
तू ही भव तारिणी, सहज योग दायिनी ...2
जो भी रूप धरे मैया, हमको बहुत भाये ...,
"माताजी, ओ मेरी माताजी, माताजी ओ निर्मल माताजी" ...2
सहस्त्रार चक्र में रूप सहज ध्याये ...2

"ममता है निर्मला, शरण आये तेरे, सहजयोग दिया तूने पाप कटे मेरे" ...2
उदर में संसार भरे, कुण्डलिनी माता...2, पाप ताप हरे तीनों, लोकों की ध्याता
"माताजी, ओ मेरी माताजी, माताजी ओ निर्मल माताजी" ...2

"काल की भी काल भई, देवी काल रात्री,
रक्षा करे निर्मल माँ, इसकी हमको खातरी" ...2
विश्व की माँ निर्मल है, रूप मनोहारी है ...2

सोचता है तू क्या 141

सोचता है तू क्या श्री माँ आती नहीं..., जरा दिल से बुलाने की कोशिश तो कर
सुन लेगी मैया, तेरी आवाज को जरा, सिर को झुकाने की कोशिश तो कर

सदा भटकों को देती सहारा – नाम हृदय से जिसने पुकारा ...2
झोलियाँ देती भर, कोई रहता ना डर, बख्स देती गुनाह जो हुए भूल से
ऐसी माँ को तू पाने की कोशिश तो कर, "सुन लेगी मैया, तेरी आवाज ...

खुदी अहंकार, क्रोध को छोड़कर ...2, चित श्री माँ के चरणों से जोड़कर
जायेगा भव से तर, होगा अन्तर मिलन, करूणा मयी है माँ प्यार बरसायेंगी
ऐसी माँ को जगाने की कोशिश तो कर, "सुन लेगी मैया, तेरी आवाज ...

श्री माँ निर्मल ने दी ये कसौटी ...2, जाने क्या खरी क्या है खोटी
जज तू मत बन, धर श्री माँ चरण, सच झूठ है क्या माँ ही बतलायेंगी
ऐसी माँ को मनाने की कोशिश तो कर, "सुन लेगी मैया, तेरी आवाज ...
सोचता है तू क्या श्री माँ आती नहीं..., जरा दिल से बुलाने की कोशिश तो कर

श्री गणपति दाता नमो नमः 141

जय गणपति जय उमासुत, शंकर सुमन गणेश ...,
जय जय श्री माँ निर्मला, "सदा बसो हृदय ...2,
श्री गणपति दाता नमो नमः ...3, श्री निर्मल माता नमो नमः .....,
नमो नमः "श्री गणपति दाता नमो नमः .....,

करूणा का भंड़ार तुम्हीं हो ..., ममतामयी बहार तुम्हीं हो ...,
सुख दाता हो दुखहर्ता हो ....2, ऋद्धि सिद्धि दातार तुम्हीं हो 2,
जीवन का आधार तुम्हीं हो ..., प्राण तुम्हीं संसार तुम्हीं हो ....,

कलियुग में कल्याण करने को...2,प्रभु का बस/आदिशक्ति अवतार तुम्हीं हो...2,
जगत विधाता .... S S, जगत विधाता नमो नमः,
नमो नमः "श्री गणपति ...3, श्री निर्मल ..., नमो नमः "श्री गणपति ...,

सात चक्र की बनी ये काया ..., सब में तेरा नूर समाया ...,
जीवन की पहचान कराकर ...2, मानवता का सार बताया ...2,
सहजयोग तुमने समझाया ..., आत्म ज्ञान का मार्ग दिखाया ...,
कुण्डलिनी जागृत कर तूने ...2, आत्म साक्षात्कार कराया ...2,
जीवन ज्ञाता ... S S, जीवन ज्ञाता नमो नमः,
नमो नमः "श्री गणपति ...3, श्री निर्मल .., नमो नमः "श्री गणपति..,

मैं हूँ मैया सहजी तेरा ..., मन मंदिर में करो बसेरा ...,
नैनों में रहे तेरी मूरत ...2, होता रहे/करते रहे माँ दर्शन तेरा ...2,
तेरे भजन में ध्यान हो मेरा ..., करता रहूँ गुणगान माँ तेरा ...,
दे दो माँ वरदान मुझे भी ...2, कर दो माँ कल्याण मेरा ...2,
भाग्य विधाता ... S S, भाग्य विधाता नमो नमः,
नमो नमः "श्री गणपति ...3, श्री निर्मल ..., नमो नमः "श्री गणपति ...,

श्री माँ देवों के कारण 142

श्री माँ देवों के कारण, दैत्यों को मारण आप लियो अवतार ...2
सारे जग को जागृति दे दी ...2, हम बच्चे बलिहार ...
श्री माँ देवों के कारण, दैत्यों को मारण आप लियो अवतार ...2,

सारा जग अंधकार में डूबा, आप ही ज्योति अपार ...2,
दीप से दीप जलाकर माँ ने ...2, दूर कियो अंधकार ...
श्री माँ देवों के कारण, दैत्यौं को मारण आप लियो अवतार ...2,

भूत भविष्य की चिन्ता हराई, चित्त कियो निर्विचार ...2,
डूब गये हम आनन्द तल में ...2, ऐसो हुओ साक्षात्कार, श्री माँ देवों के कारण

अलग थलग पड़ा था मानव, आप दियो परिवार ...2,
पूरा विश्व चरण में आया, ऐसो तेरो प्यार, श्री माँ देवों के कारण ....

श्री माँ है रंगरेज, चुनर मोरी रंग डारी 143

श्री माँ है रंगरेज, चुनर मोरी रंग डारी ...3,
श्री माँ है रंगरेज, चुनर–मोरी रंग डारी ...,

स्याही रंग छुड़ायके रे, दियो मजीठा रंग ...2,
धोये से SS छूटे नहीं रे ...2, दिन दिन होत सुरंग ...,
चुनर मोरी रंग डारी, श्री माँ है रंगरेज, चुनर मोरी रंग डारी ...,

भाव के पुंज, नेह के जल में, प्रेम रंग गई होर ...2,
सत की चास लगाये के रे ...2, खूब रंगी झकझोर ...,
चुनर मोरी रंग डारी, श्री माँ है रंगरेज, चुनर मोरी रंग डारी ...,

श्री माँ ने चुनरी रंगी रे, श्री माँ चतुर सुजान ...2,
सब कुछ उन पर वार दूँ रे ...2, तन मन धन और प्राण ...,
चुनर मोरी रंग डारी, श्री माँ है रंगरेज, चुनर मोरी रंग डारी ...,

कहे कबीर रंगरेज गुरू रे, हम पर हुये दयाल ...2,
निर्मल चुनरी ओढ़ के रे ...2, भई हो मगन निहाल ...,
चुनर मोरी रंग डारी, श्री माँ है रंगरेज, चुनर मोरी रंग डारी ...

श्री माँ जी को मन में बसाया करेंगें 143

श्री माँ जी को मन में बसाया करेंगे ...2
श्री माँ जी को मन से ध्याया करेंगे ...2, श्री माँ जी को मन ...2

हृदय में बनायेंगे, हम सहज मंदिर ...2,वहीं माँ को झूला झुलाया करेंगें...2
श्री माँ जी को मन में बसाया करेंगें ...

माँ को प्रेम डोरी में हम बाँध लेंगें...2,माँ निर्मल को हरदम रिझाया करेंगें...2
श्री माँ जी को मन में बसाया करेंगें ...

जो रूठेगीं हम से माँ निर्मल कभी भी...2, उन्हीं के चरण पड़ मनाया करेंगें..2
श्री माँ जी को मन में बसाया करेंगें ...

श्री माँ को बैठायेंगें आँखों में दिल में...2, वहीं माँ के दर्शन भी पाया करेंगें...2
श्री माँ जी को मन में बसाया करेंगें ...

हे मोक्ष प्रदायिनी निर्मला माता...2, सुबह शाम ध्यान लगाया करेंगें...2
श्री माँ जी को मन में बसाया करेंगें ...2
श्री माँ जी को मन से ध्याया करेंगें ...2, श्री माँ जी को मन ...2

श्री माँ की भक्ति का पाया ऐसा जगमग हीरा 144

श्री माँ की भक्ति का पाया, ऐसा जगमग हीरा ...2,
दूर हुये जो, भ्रम थे मन के ...2, मिट गया गहन अंधेरा ...,
श्री माँ की भक्ति का पाया, "जगमग हीरा ...2,

हर पल अपने मन में बसी है, माँ की भोली सूरत ...2,
प्रेम मयी करूणा मयी माँ की, सुन्दर प्यारी मूरत ...2,

श्री माँ के चरणों तक सीमित ...2, अपना रैन बसेरा ..., श्री माँ की भक्ति....

आये शरण में माँ की जब हम, ज्ञान मिला है निराला ...2,
पायी कृपा जो माँ निर्मल की, पग पग हुआ उजाला ...2,

प्राणों की निर्मल धारा में ...2, हर पल सुमिरन तेरा ..., श्री माँ की भक्ति....

वेद पुराण बखान सके ना, श्री माँ महिमा तिहारी ...2,
आदि शक्ति है आदि गुरू माँ, महिमा तुमरी न्यारी ...2,

दो कर जोड़े, करें प्रार्थना ...2, शरण में रखना हमेशा ..., श्री माँ की भक्ति....

शिव ब्रह्मा विष्णु भी माँ की, जान सके ना माया ...2,
ऋषि मुनि भी खोज के हारे, भेद ना माँ का पाया ...2,

तोड़ा है कलियुग में माँ ने ...2, बाधाओं का घेरा ..., श्री माँ की ....
श्री माँ की भक्ति का पाया, "ऐसा जगमग हीरा ...2,

श्री माँ तेरा नाम मुझे और ना कोई काम 144

श्री माँ S तेरा नाम, मुझे और ना कोई काम ...2
सुबह शाSम अविराSम, मैं जपता हूँ तेरा नाम ...2

श्री माँ जय माँ जय जय माँ ...2, श्री माँ तेरा नाम, मुझे और ना कोई काम

मोह माया के बंधन टूटे, मन के अंधेरे दूर हुये ...2
बीती बातें भूल गया मैं, मेरे सब कुछ आज नये ...2

तेरा ध्यान, तेरा धाम, मुझे और ना कोई काम ...2, श्री माँ जय माँ जय...

भव सागर से तारने वाली, तारक एक तुम्हीं हो माँ ...2
मेरी सब बाधायें हर लो, पालक एक तुम्हीं हो माँ ...2
जप लूँ माँ, भज लूँ माँ, मुझे और ना कोई काम ...2, श्री माँ जय माँ...

काया माया के चक्कर में, अब तक भटक रहा था मैं ...2
जो थे पराये अपना समझ कर, माँ को भूल रहा था मैं ...2
चाहे भोर, चाहे शाम, मुझे और ना कोई काम ...2, श्री माँ जय माँ ...

सुबह शाऽम ऽ अविराऽम ऽ, मैं जपता हूँ तेरा नाम,
श्री माँ जय माँ जय जय माँ ...2, श्री माँ तेरा नाम, मुझे और ना कोई काम

श्री माँ तुम्हारे प्यार ने जीना सिखा दिया 145

श्री माँ तुम्हारे प्यार ने ...2, जीना सिखा दिया
श्री माँ तुम्हारे प्यार ने, जीना सिखा दिया ...3,
मिट्टी को आपने श्री माँ ...2, सोना बना दिया ...
मिट्टी को आपने श्री माँ ..., सोना बना दिया ...
श्री माँ तुम्हारे प्यार ने, जीना सिखा दिया ...2,

भटके हुये जहान में, भटका हुआ था मैं ...3,
डाली जो मुझपे इक नज़र ...2, दीवाना बना दिया,
श्री माँ तुम्हारे प्यार ने, जीना सिखा दिया ...2,
मिट्टी को आपने श्री माँ ...2, सोना बना दिया ...
मिट्टी को आपने श्री माँ ..., सोना बना दिया ...
श्री माँ तुम्हारे प्यार ने, जीना सिखा दिया ...2,

तेरे सिवा कोई नहीं, मेरा जहान में ...3,
खुद को समझ गया हूँ मैं ...2, माँ तुमको भी पा लिया,
श्री माँ तुम्हारे प्यार ने, जीना सिखा दिया ...2,
मिट्टी को आपने श्री माँ ...2, सोना बना दिया ...
मिट्टी को आपने श्री माँ ..., सोना बना दिया ...
श्री माँ तुम्हारे प्यार ने, जीना सिखा दिया ...2,

तेरे प्यार में ही मिल गयी, त्रिलोक की खुशी ...3,
दे के सहज का ज्ञान मुझे ...2, सहजी बना दिया,
श्री माँ तुम्हारे प्यार ने, जीना सिखा दिया ...2,
मिट्टी को आपने श्री माँ ...2, सोना बना दिया ...
मिट्टी को आपने श्री माँ ..., सोना बना दिया ...
श्री माँ तुम्हारे प्यार ने, जीना सिखा दिया ...2,

श्री माताजी की महिमा है अचरज भरी 146

श्री माँ निर्मल की शरण में आकर, निर्मल तन मन धन होता है ...,
श्री माँ का सुमिरन करने से, जागृत चेतन होता है ...,
श्री माँ की कृपा से, सहज में ही कुण्डलिनी जागरण होता है ...,
आत्म ज्ञान मिल जाता है, और सफल ये जीवन होता है ...,
श्री माताजी की महिमा हो S S S

श्री माताजी की महिमा है, अचरज भरी ...2,
जिन चाह तिन तिन की ...2 विपदा हरी ..., "श्री माताजी की ...2,

बचपन यौवन और बुढ़ापा, तीन अवस्था तन की ...2,
भूत भविष्य वर्तमान है, तीन दशा जीवन की ...2,
तीन लोक में मैया जी की हो S S S ..., तीन लोक में मैया जी की
जादूगरी ..., "श्री माताजी की महिमा है, अचरज भरी ...2,

जीना मरना रोना हँसना, सुख दुख रंग जीवन के ...2,
लाभ और हानि यश अपयश, हित अनहित संग जीवन के ...2,
काम क्रोध मद लोभ मोह है हो S S S..., काम क्रोध मद लोभ मोह है
मायापुरी ..., "श्री माताजी की महिमा है, अचरज भरी ...2,

सात चक्र के व्यूह से, रब ने रची है मानव काया ...2,
सात सुरों के संगम में, जीवन संगीत समाया ...2,
सात दिनों के काल चक्र में हो S S S..., सात दिनों के काल चक्र में
दुनिया सारी ..., "श्री माताजी की महिमा है, अचरज भरी ...2,

इंगला पिंगला और सुषुम्ना, तीनों माँ की शक्ति ...2,
शुद्ध वचन मन कर्म नियम से, जो करते हैं भक्ति ...2,
ब्रह्मा विष्णु महेश ने उन पर हो S S S ..., ब्रह्मा विष्णु महेश ने उन पर करूणा करी ...,"श्री माताजी की महिमा है, अचरज भरी ...2,

पावन चित्त चरित्र को रखिये, भोग विलासी ना रहिये ...2,
कुण्डलिनी माँ जागृत होगीं, श्री गणपति कहिये ...2,
मूलाधार से हुई उजागर हो S S S ..., मूलाधार से हुई उजागर भागेश्वरी ..., "माताजी की महिमा है, अचरज भरी ...2,

शुद्ध ज्ञान सौन्दर्य बोध से, सरस्वती जी मानी ...2,
चिन्ता सोच निराशा मदिरा, करते ज्ञान की हानि ...2,
स्वाधिष्ठान में प्रतिभा शक्ति हो S S S ..., स्वाधिष्ठान में प्रतिभा शक्ति चेतन करी ..., "श्री माताजी की महिमा है, अचरज भरी ...2,

धर्म कर्म के दस आदर्श ने, लक्ष्मी जी को साधा ...2,
वैभव लिप्सा धन लोलुपता, कलह से आती बाधा ...2,
सच्चाई संतोष त्याग है हो S S S ..., सच्चाई संतोष त्याग है अल्का पुरी ..., "श्री माताजी की महिमा है, अचरज भरी ...2,

है महान गुरूओं की पावन वेदी, ये भवसागर ...2,
सही व्यवस्थित दिनचर्या से, करना इसका आदर ...2,
अपवर्जन और आडम्बर से हो S S S ..., अपवर्जन और आडम्बर से रखना बरी ..., "श्री माताजी की महिमा है, अचरज भरी ...2,

देव देवियों की महिमा का, शिवम् तत्व ह्रदय है ...2,
तिरस्कार पाखंड़ झूँठ से, होता इसका क्षय है ...2,
संयम नियम योग जिज्ञासा हो S S S ..., संयम नियम योग जिज्ञासा इसकी धुरी ..., "श्री माताजी की महिमा है, अचरज भरी ...2,

मानवीय और प्राकृतिक, गुण स्वाद को चाहे विशुद्धि ...2,
दूषित भोजन दूषित दृष्टि, दोष भाव से अशुद्धि ...2,

कुशल व्यवहार विवेक प्यार से हो ऽ ऽ ऽ ..., कुशल व्यवहार विवेक
प्यार से बाधा हरी ..., "श्री माताजी की महिमा है, अचरज भरी ...2,

क्षमा करो तुम औरों को, और सबको क्षमा कराओ ...2,
अहंकार को मिटा के मन में, दया का भाव जगाओं ...2,

उचित विचार से बने अगन्या हो ऽ ऽ ऽ ..., उचित विचार से बने
अगन्या आज्ञाकारी ..., "श्री माताजी की महिमा है, अचरज भरी ...2,

नयी चेतना परम शांति, संग चैतन्य बहेगा ...2,
सहज स्वाभाविक अनुभव होगा, जागृत ज्ञान रहेगा ...2,

परम चेतना सहस्त्रार में हो ऽ ऽ ऽ ..., परम चेतना सहस्त्रार में
माँ ने भरी ..., "श्री माताजी की महिमा है, अचरज भरी ...2,

आत्म ज्ञान से जीवन की बाधायें, हटाते जाओ ...2,
फिर अनन्त सागर में अपने, प्राण मिलाते जाओ ...2,

सहजयोग ने मोक्ष की राहें हो ऽऽऽ..., सहजयोग ने मोक्ष की राहें
निर्मल करी ...,"श्री माताजी की महिमा है, अचरज भरी" ...2,
जिन चाह तिन तिन की ...2 विपदा हरी ..., "श्री माताजी की ...2,

श्री माता जी ने सत्य मार्ग दिखाया 148

श्री माता जी ने सत्य मार्ग दिखाया, माँ के चरणों ने बेड़ा पार लगाया ...2
दुखों से मोड़ा ईश्वर से जोड़ा,
माँ ने हमें सच्चा सहजयोगी बनाया ...2, श्री माता जी .....

हम अंधकार में थे सदा से, पाई ज्योति सहज की श्री माँ से ...2
मिटे है सारे द्वन्द, मिला निर्मल आनन्द...2,
मन के मन्दिर में श्रद्धा का दीप जलाया, श्री माता जी ....

नैया जीवन की खाये हिचकोले, मैया तूने सुखों के द्वार खोले ...2
हुआ तम का विनाश छाया अद्भुत प्रकाश...2,
अपने अन्दर ही ईश्वर का रूप दिखाया, श्री माता जी .....

तू ही राम है तू ही रहीमा, तू ही कृष्ण है तू ही करीमा ...2
आदि शक्ति का रूप तू है ममता स्वरूप...2,
इस धरती को तूने ही स्वर्ग बनाया, श्री माता जी .....

सारे जग में हो जयकारा तेरा, मैया तन मन धन सब ये तेरा ...2
भटकों को सुधार मैया कर सबको पार,
सारी दुनिया को शांति का पाठ पढ़ाया, श्री माता जी .....

मैया तू ने ही सृष्टि बनाई, इसके कण–कण में तू है समाई ...2
किया निर्मल प्रयोग, दिया कुण्डलिनी योग ...2
परम चैतन्य तूने साकार बनाया..., श्री माता जी ने सत्य मार्ग दिखाया

श्री माता जी 149

श्री माता जी वन्दु तव चरणा, निर्मल है विश्वा आपुले
योग तव दिला–आशीर्वाद द्या आम्हा
वन्दु तव चरणा, निर्मल है विश्वा आपुले,
योग तव दिला श्री माता जी

तुत्स मझा जननी, विनती तव आमुची, आमुच्या हृदयात राहो
मंगल मुरती ही आपुली, मंगल मुरती ही आपुली, ... श्री माता जी

आमुचे जीवत, तव सेवत लागो, जन्मो जन्मी हीतस ईछा SS ...2
आप नाची चरण गंगा आमुच्या सहृसरारी रहो, ... श्री माता जी

शुभ मंगलमय दिवस है आया 149

शुभ मंगलमय दिवस है आया ...2,
आदिशक्ति स्वयं हैं पधारीं ...2, शुभ मंगलमय दिवस है आया ...2,

हर लहर पर नयी तरंग है ...2, हर तरंग पर नयी उमंग है ...,
हर लहर पर नयी तरंग है, हर तरंग पर नयी उमंग है ...,
हर हृदय में उल्लास अल्हाद है ...2, पर परमेश्वरी आज पधारीं ...
शुभ मंगलमय दिवस है आया ...2,

सुर नर मुनि सब झूम रहे हैं ...2, आज प्रकृति भी झूम रही है ...2,
सुर नर मुनि सब झूम रहे हैं ..., आज प्रकृति भी झूम रही है ...,
फूल खिले, भंवरे सब मिलके ...2, रचियता के ही गुण गायें ...2,
शुभ मंगलमय दिवस है आया ...2,

देवों ने पुष्प वर्षा की है ...2, प्रार्थना पूर्ण हुई संतों की ...2,
ब्रह्मा विष्णु महेश सदाशिव ...2, स्वयं आरूप हैं पधारे ...2,
शुभ मंगलम दिवस है आया ...2,
आदिशक्ति स्वयं हैं पधारीं ...2, शुभ मंगलमय, शुभ मंगलमय,
शुभ मंगलमय दिवस है आया ...2,

सोई हुई रूहों में खुदी जाग उठी है 150

सोई हुई रूहों में, खुदी जाग उठी है।
जीने की फिर इक आस नई जाग उठी है ॥

अश्कों की नदी को मिला, आँचल का किनारा ...2,
मुरझाये से चेहरों पे, हँसी जाग उठी है ...
जीने की फिर इक आस नई जाग उठी है, सोई हुई रूहों में ...

इक ममता की देवी ने दिया जबसे सहारा ...2,
तकदीर मेरी, सोई हुई जाग उठी है ...
जीने की फिर इक आस नई जाग उठी है, सोई हुई रूहों में ...

पहचान हुई बात हुई, मिल गये खुद से ...2,
जो खुशबू थी हम्हीं में छुपी, जाग उठी है ...
जीने की फिर इक आस नई जाग उठी है, सोई हुई रूहों में ...

कौन आया कि सज़दे में झुकी जाती है दुनिया ...2,
ये किसने सदा दी, कि सदी जाग उठी है ...
जीने की फिर इक आस नई जाग उठी है, सोई हुई रूहों में ...2

सुमिरन करले निर्मल माँ का 150

सुमिरन करले S S S, "सुमिरन करले निर्मल माँ का ...2,
तेरा कष्ट निवारेगा,"जग में तू तर जायेगा ...2,

माँ की दुआ की झोली भर ले, अच्छे करम की पूँजी कर ले ...2,
निर्मल वचन निभायेगा ...3, सहजी, "जग में तू तर जायेगा ...2,

सच्चे भाव को मन में बसा ले, निर्मल नाम को दिल में समाले ...2,
निर्मल राह जो जायेगा ...3, सहजी, "जग में तू तर जायेगा ...2,

मन के मैल को धो ले प्राणी, जीवन उज्जवल कर ले प्राणी ...2,
माँ के शरण में जायेगा ...3, सहजी, "जग में तू तर जायेगा ...2,

सुमिरन करले SS S, "सुमिरन करले निर्मल माँ का ...2,
तेरा कष्ट निवारेगा सहजी, "जग में तू तर जायेगा ...4,

स्वागतम् 151

दर्शनों की लालसा पूरी हुई माँ स्वागतम्
सहजीयों की कामना पूरी हुई माँ स्वागतम्
सपनों को साकार बनाया ... 2, स्वागतम् माँ स्वागतम्
स्वागतम स्वागतम स्वागतम ..., माँ स्वागतम ...,

तू ही सांसो में बिराजे, तू ही सिर की स्वामिनी
तूने ही संसार रचाया, सहजयोग दायिनी
दो हमें आशीष माता ... 2, स्वागतम माँ स्वागतम
स्वागतम स्वागतम स्वागतम ..., माँ स्वागतम ...,

विश्व के कल्याण में, तूने सहज का ज्ञान दिया
विश्व को बन्धुत्व से बांधा, सहज समझा दिया
अव हमें अपनी शरण लो ... 2, स्वागतम माँ स्वागतम
स्वागतम स्वागतम स्वागतम ..., माँ स्वागतम ...,

स्वागतम् सुस्वागतम् निर्मल माता अभिनन्दन 151

स्वागतम् सुस्वागतम् निर्मल माता अभिनन्दन ...2,

शीश नवायें तव चरणन में, गायें तुम्हारा वन्दन ...2,
नव प्रभात ये शुभ दिन आया, शुभागमन ये माँ का लाया ...,
पावन चरण पड़े प्रागंण में, तृप्त हुआ आतुर मन ...,
स्वागतम् सुस्वागतम् निर्मल माता अभिनन्दन ...2,

चन्द्रमुखी हो कमल लोचनी, प्रेम की गंगा धारा ...2,
चक्र सुदर्शन करके धारण, दुष्टों को संहारा ...,
तव चरणन की धूली मस्तक, धारे जैसे चन्दन ...,
स्वागतम् सुस्वागतम् निर्मल माता अभिनन्दन ...2,

श्वेताम्बर धर कमलासन पर साजे मोहिनी मूरत ...2,
महालक्ष्मी महासरस्वती महाकाली की सूरत ...,
दर्शन देखत छवि मनोहर, झूम उठे ये तन मन ...,
स्वागतम् सुस्वागतम् निर्मल माता अभिनन्दन ...2,

जय जगजननी माता भवानी, दारूण भव भय हारिणी ...2,
जय पाप खन्डन जगत मंडन, भव सागर तारिणी ...,
अभय दान देती हो माँ तुम, बनके शक्ति स्पन्दन ...,
स्वागतम् सुस्वागतम् निर्मल माता अभिनन्दन...2, निर्मल माता अभिनन्दन...2,

श्वांसा दी माला 152

श्वांसा दी माला पे, माँ सुमीरा मैं तेरा नाम ...2
बन जांवा सहजी मैं तेरा हे निर्मल माँ ...2, श्वांसा दी माला ...

चरणां च तेरे हरदम रवाँ मैं ...2
चरणां च लालो हे, सुख करणी निर्मल माँ ...2, श्वांसा दी माला ...

जग दे जंजाला चो मैनूं बचाले ...2
जपदा रंवा श्री माँ हरदम तेरा ही नाम ...2, श्वांसा दी माला ...

निर्मल निर्मल श्वांसा चो निकले ...2
निर्मल निर्मल रटदा रंवा सुबह शाम ...2, श्वांसा दी माला ...

मैनू पिलादे माँ सहज दा प्याला ...2
हो जांवा तेरा हे निर्मला कृपा निधान ...2, श्वांसा दी माला ...

बाँह पकड़ लो रूल ना मैं जांवा ...2
सुखां विच रहके तेनु भुल ना मैं जांवा ...2, चरणा नाल जोड़ो मैनू,
निर्मला अपना जान ..., श्वांसा दी माला ...2
बन जांवा सहजी मैं तेरा हे निर्मल माँ ...2, श्वांसा दी माला ...

तेरे चरण कमल में रहने वाले 153

तेरे चरण कमल में रहने वालों में, लिख ले मेरा नाम ...2
ये है सुख शान्ति का धाम ...2, निर्मल धाम निर्मल धाम रे ...2

आया था श्रृद्धा सुमन चढ़ाने, डाले झोली में,
माँ से पाऊँगा मैं कुछ दान भी, डालूँ झोली में,
सौम्य प्रकाश, चेतना देखी ...2, जैसे भोर की लाली में,
स्वापर्ण करके बोला मैं ...2, कुछ ना डालूँ झोली में,
निरपेक्ष यही भक्ति कुटीर है, चैतन्यता का ऐसा धाम
ये है सुख शान्ति का धाम ...2, निर्मल धाम निर्मल धाम रे ...2

अर्पित है तन मन धन अपना ...2, चरण नहीं ये स्वर्ग की रचना,
वास्तविक है नहीं ये कल्पना, ऐसे धाम की करें क्यों तुलना,
मन्दिर मस्जिद गुरूद्वारे का, अब नहीं कोई काम,
ये है सुख शान्ति का धाम ...2, निर्मल धाम निर्मल धाम रे ...2

अग्नि कुण्ड है अहंकार का ...2, जटिल मेरे ही भूत काल का ...2,
जब से बना भिक्षुक इस द्वार का...2, भविष्य उज्जवल सहज प्यार का...2,
यही है मक्का यही कर्बला, गंगा जमुना चारों धाम
ये है सुख शान्ति का धाम ...2, निर्मल धाम निर्मल धाम रे ...2

चरणामृत से पावन कर दो ...2, निर्माल्यमय जीवन कर दो,
अणु रेणु में चैतन्य भर दो, किताबों में नहीं ज्ञान वो दे दो,
यही है गीता वेद यही है, यही बाईबल कुरान,
ये है सुख शान्ति का धाम ...2, निर्मल धाम निर्मल धाम रे ...2

तेरी बिंदिया प्यारी लागे माँ 153

